>

Title: Need to fix quota of admission in Kendriya Vidyalayas for children with deceased father and children of State Government employees.

श्रीमती ज्योति धुर्वे (बेतूल): केन्द्रीय विद्यालयों में छात्रों के प्रवेश प्रक्रिया में केवल केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाती है । मेरा निवेदन है कि केन्द्रीय विद्यालयों में उन बच्चों को भी जिन बच्चों के पिता न हो अथवा जिनके पिता उनके साथ न हो या फिर जिनके पिता राज्य सरकार के सेवारत हों, प्रवेश में प्राथमिकता दी जानी चाहिए जिससे इन वर्गों से आने वाले बच्चों को इन स्कूलों में पढ़ने का सुअवसर प्राप्त होगा एवं इन बच्चों का भविष्य सुधरेगा एवं इन्हें अच्छा नागरिक बनाने का प्रयास किया जा सकता है ।

आज शिक्षा के अधिकार के युग में ऐसे बच्चों को केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु कोटा दिया जाना चाहिए, ऐसी मैं माँग करता हूं ।